पूरे दिन कसे गये ट्रान्सफार्मरोंके फ्यूज, बाधित रही बिजली

मरम्मतके कार्यमें जुटे रहे बिजली कर्मचारी, लोग परेशान

नगर के पुराने इलाकों में आयोजित होने वाले दशहरा पर्व की तैयारी को लेकर पूरे दिन ट्रान्सफार्मरों के पेटी फ्यूज कसे जाते रहे हैं। इससे पूरे दिन बिजली कटौती से लोग परेशान रहे हैं। प्रत्येक वर्ष नवमी एवं दशमी पर्व के मौके पर नगर में जगह जगह रामदल के निकलने के बाद की परंपरा के बाद पथरचट्टी और पजावा कमेटियों का संयुक्त रूप से सबसे बड़ा दल निकलता है। झाकियों के निकलने क्रम शाम से शुरू होकर दूसरे दिन सुबह तक निकलता रहता है। साथ ही कई किमी तक व्यापार मण्डल की कमेटियों द्वारा मुट्ठीगंज, रामभवन चौराहा, बहादुरगंज, चौक, कोतवाली, घंटाघर, जानसेनगंज, हीवेट रोड तक भव्य लाइटिंग करायी जाती है। पर्व के मद्देनजर बिजली विभाग द्वारा बिजली के तारों, खंभों और ट्रान्सफार्मर की मरम्मत का कार्य पूरे दिन किया गया, मरम्मत के कार्य में बिजली कर्मचारी जुटे रहे हैं। ताकि त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकें। इस दौरान ढीले और लटके हुए बिजली के तारों को कसा गया। साथ ही पुराने तारों को बदला गया। जिससे रामदल के मार्गों में कोई दुर्घटना की संभावना न बन सके। कार्य के दौरान हीं ओवरलोडिंग की समस्या से निबटने के लिए ट्रान्सफार्मर की चेकिंग की जाती है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त क्षमता के ट्रान्सफार्मर लगाये जाते हैं। बिजली के तारों के पास मौजूद पेड़ों की टहनियों को काटा जाता है। जिससे हवा या बारिश के कारण तार टूटने की समस्या न हो सके। कमेटियों की मांग पर दुर्गा पूजा पंडालों को सुरक्षित और वैध बिजली कनेक्शन दिये जाते हैं। ताकि शार्ट सर्किट का खतरा न रहे। दशहरा एवं दुर्गा पूजा पर्व के दौरान बिजली व्यवधान को कम करने के लिए ट्रान्सफार्मरों के पेटी फ्यूज कापर के बांधे जाते है। जिससे जल्दी जल्दी बिजली लाइनों की ट्रिप करने की स्थिति न बनने पाये। त्योहारों के बीतने के साथ ही पूर्व की तरह अल्युमिनियम के फ्यूजों को बांधा जाता है। इसकी वजह है कि लोड की स्थिति में ट्रान्सफार्मरों के नुकसान को कम करने के लिए अल्युमिनियम के फ्यूज कारगर होते हैं। लोड बढ़ते ही फ्यूज कट जाते हैं।

मवेशीसे टकराकर बाइक सवार युवककी मौत

एयरपोर्ट थानाक्षेत्र के भगवतपुर गांव में रविवार की रात एक बाइक सवार की मवेशी से टकराकर मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद परिजनों में मातम छा गया। भगवतपुर गांव निवासी नत्थू लाल सरोज मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसका १९ वर्षीय बेटा इंद्रेश कुमार भी मजदूरी कर घर का खर्च चलाने में सहयोग करता था। रविवार को वह किसी काम से कादिलपुर बाजार बाइक लेकर गया था। काम करने के वह देर रात लौट रहा था। इस बीच वह रेलवे अंडर पास के समीप घर जाने के लिए सड़क पार करने लगा। तभी अचानक सामने एक मवेशी उसकी बाइक में भिड़ गया। हादसे में इंद्रेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन - फानन में उसे पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बस बाडी कोड उल्लंघनपर १३४ वाहनोंका चालान, आठ सीज

बस दुर्घटनाओंपर अंकुश लगानेके लिए चार जनपदोंमें चला अभियान

परिवहन विभाग द्वारा बस दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए १६ और १७ अक्टूबर तक दो दिवसीय आपरेशन कवच-३.० अभियान चलाया गया। विशेष चेकिंग अभियान के दौरान प्रयागराज संभाग के प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर जिलों में बस बाडी कोड के मानकों का उल्लंघन करने वाले तथा बिना परमिट व अन्य नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर काररवाई की गई।

इस अभियान में सम्भाग भर में कुल १३४ वाहनों के चालान किए गए तथा गंभीर अनियमतताओं के कारण ८ वाहनों को बंद किया गया। इस दौरान ०.४० लाख का शमन शुल्क भी वसूल किया गया। आरटीओ प्रवर्तन एसपी सिंह के अनुसार बस बाडी कोड का उल्लघंन, सीट, स्लीपर क्षमता से अधिक होने पर कुल १७ वाहनों के चालान किए गए। आपातकालीन निकास क्रियाशील न होने पर कुल ३४ वाहनों का चालान किया गया और ३ बसों को सीज किया गया।

अग्निशमन यंत्रों का अभाव या निष्क्रिय होने पर कुल ३८ वाहनों के चालान काटे गए। परमिट एवं अन्य नियम उल्लंघन की श्रेणी में बिना परमिट या परमिट शर्तों के उल्लंघन पर कुल ४० वाहनों के चालान किए गए और ५ वाहनों को बंद किया गया। चालक के नशे में होने के मामले में १ चालान किया गया। अत्यधिक माल लादने या ऊंचाई अधिक होने के मामले में ४ वाहनों के चालान किए गए। प्रयागराज जिले में पीटीओ मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा १३ चालान, एआरटीओ राजीव कुमार २१ चालान तथा एआरटीओ विवेक शुक्ला द्वारा ५ चालान किए गए। कौशांबी जिला में कुल ४३ वाहनों की चेकिंग में २५ वाहनों के चालान किए गए और ५ वाहन सीज किए गए। पीटीओ संतोष कुमार तिवारी द्वारा १६ चालान व ५ सीज की कारवाई की गई, वहीं एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल द्वारा ९ चालान किए गए। प्रतापगढ़ में एआरटीओ आशुतोष कुमार शुक्ला की टीम द्वारा १७ वाहनों के चालान किए गए तथा २ वाहनों को सीज किया गया। फतेहपुर में एआरटीओ संतोष कुमार सिंह २० चालान, एआरटीओ प्रतीक मिश्रा ११ चालान और पीटीओ राम सागर २२ चालान की टीमों ने कारवाई करते हुए कुल ५३ वाहनों के चालान किए।

सड़कपर मवेशियोंका ठौर, अधिकारी बेपरवाह



नगर की सड़कों पर मवेशियों ने ठौर बना लिया है लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। जिसका यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। बक्शीबांध, एलनगंज, हाशिमपुर, लोक सेवा आयोग चौराहा, सीएमपी के पास, सीएवी रोड सहित नगर की अधिकांश सड़कों पर मवेशियों को देखा जा सकता है। महाकुंभ के बाद इन्हें पकड़ने का अभियान ठप हो चुका है, जिस कारण पशुपालकों का हौसला बढ़ गया है। वह सड़क पर मवेशियों को छोड़ देते है, जिसका खामियाजा सड़कपर सफर कर रहे लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आदि दिन लोग मवेशियों के कारण गिरकर घायल भी हो रहे हैं।

स्नातक एमएलसी चुनाव प्रचारमें सपा ने झोंकी ताकत

इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से सपा उमीदवार डा. मानसिंह यादव को विजय श्री दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। जिले की सभी तहसीलों में प्रत्याशी डा.मानसिंह यादव ने भ्रमण करते हुए अधिवक्ताओं से मुलाक़ात में समाजवादी पार्टी की सरकार में अधिवक्ताओं के हितों को लेकर किये गए कार्यों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर एडवोकेट रोल की स्थापना की जाएगी। युवाओं को रोजगार, पेपर लीक जैसी महामारी पर स्थाई रोक, पुरानी पेंशन, अग्निवीर भर्ती, आउट सोर्सिंग जैसी भर्ती की जगह सरकारी पदों पर नियमित भर्त्यिों को किये जाने के दावे करते हुए जन समर्थन की अपील की है।

यमुनापार के सिरसा में आयोजित स्नातक मतदाताओं की सभा में सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने कहा कि समाजवादी विचारधारा पर चलकर ही देश में आपसी सौहार्द, तरक्की और खुशहाली आ सकती है। वर्तमान में देश की बागडोर तानाशाही और फासिस्ट वादी ताकतों के हाथ में जिसके चलते लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने एमएलसी प्रत्याशी डॉ मानसिंह यादव को जिताने की अपील करते हुए कहा कि डॉ मानसिंह सदन में हमेशा बेरोजगारों, शिक्षकों, शिक्षा मित्रों के हक की आवाज बुलंदी से उठाते रहते हैं। इनका सदन में रहना बहुत जरुरी है। करेली में पूर्व विधायक हाजी परवेज के आवास पर हुई बैठक में मौजूद स्नातक मतदाताओं, पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह चुनाव आने वाले आगामी २०२७ का आगाज होगा।लेजर ग्रीन गेस्ट हाउस बिजलीघर में भूपेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित बैठक में प्रबुद्ध समाज के लोंगो के लोंगो के बीच सपा प्रत्याशी डा.मानसिंह यादव ने समर्थन की अपील किया।

सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार हंडिया में विधायक हाकिम लाल बिन्द, प्रताप पुर में विधायक श्रीमती विजमा यादव, सोराव में विधायक श्रीमती गीता शास्त्री, मेजा में विधायक संदीप पटेल के नेतृत्व में चुनावप्रचार जोरों पर है। वहीं जहाँ पर सपा के विधायक नहीं हैं वहां पूर्व प्रत्याशियों, वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। सपा के गंगापार अध्यक्ष अनिल यादव, यमुनापार महासचिव इंजी जगदीश यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन के नेतृत्व में पार्टीके नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा टीम बनाकर मतदाता पर्चियोंको घर-घर तक पहुचानेकी पूरी कोशिशकी जा रही है।

कायस्थ महासभाके पदाधिकारी सतीश श्रीवास्तवके परिजनोंसे मिले

सरकारी सहायता एवं सुरक्षा देनेकी मांग



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पदाधिकारियों ने सतीश श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना प्रकट कर परिजनों से मिले। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. मुकेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कुमार नारायण आदि ने मांग किया कि एक करोड़ रुपये की सरकारी सहायता, बेटियों को सरकारी नौकरी एवं सरकारी सुरक्षा भी जल्द उपलब्ध कराई जाये।

परिवार के साथ कायस्थ समाज ने परिवार को न्याय दिलाने की बात कही, जब तक मृतक परिवार को पूर्ण रूप से मदद एवं कठोर कार्यवाही नहीं होती, तब तक कायस्थ समाज शांत नहीं बैठेगा। इस अवसर पर कायस्थ पाठशाला के निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य अनीता श्रीवास्तव, अनुराधा श्रीवास्तव, भानु प्रताप सिंह, प्रेमा श्रीवास्तव, गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

भाकियू की किसान क्रांति महापंचायत २६को

भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में मुण्डेरा मण्डी में आगामी १६ अक्तूबर को किसान क्रांति महापंचायत बुलाई गयी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौ.राकेश टिकैत होंगे। वे किसानों के हित से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। जिसमें कानूनी एमएसपी गारंटी, खाद एवं बीज की उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण, बिजली दरों एवं किसानों से जुड़ी अन्य स्थानीय समस्याओं पर मंथन करेंगे। इस पंचायत में किसानों एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर मंथन करते हुए उनके अधिकारों को लेकर आवाज उठायी जायेगी। महापंचायत में प्रदेशभर से किसानों के जुटने की सम्भावना जतायी गयी है। आयोजन की जिम्मेदारी भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष अनूज सिंह को सौंपी गयी है। संगठन के अनुसार प्रयागराज एवं आस-पास के जिलों के किसानों, मजदूरों और युवाओं अधिक संख्या में शामिल होने की सम्भावना जतायी गयी है।

जमीनके विवादमें युवकको पीटा, धमकी

जमीन के विवाद में गालीगलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जार्जटाउन पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अल्लापुर के शिवपुरी मार्ग निवासी आशीष कुमार रंजन का आरोप है कि जमीन के संबंध में पूछताछ करने पर उनके साथ मारपीट की गई।आशीष ने पुलिस को दी तहरीरमें बताया कि उन्होंने मिर्जापुर रोड पर कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के सामने एक जमीन खरीदी है। आरोप है कि संबंधित पक्ष की ओर से न तो जमीन पर कब्जा दिया जा रहा है और न ही रुपये वापस किए जा रहे हैं। १९ मई की शाम करीब छह बजे संगम पेट्रोल पंप के पास उनकी मुलाकात योगेंद्र प्रताप सिंह से हुई। जमीन के संबंध में पूछने पर योगेंद्र ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर झापड़ों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

स्नातक चुनावको लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चाने बनायी रणनीति

इलाहाबाद झांसी खंड स्नातक चुनाव व टीम गठन को लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा (एससी मोर्चा) ने बैठक कर रणनीति बनाई। मोर्चा के अध्यक्ष ने सरकार की उपलब्धियों को समाज के लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

सोमवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में मोर्चा की आयोजित बैठक में मोर्चा के नवनियुक्त प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि भाजपा में ही अनुसूचित जाति को वास्तविक सम्मान मिला है। अब बारी अनुसूचित जाति मोर्चा की है। हमें २३ अक्तूबर को स्नातक चुनाव में बढ़ चढ़कर मतदान के लिए प्रेरित करना है और २०२७ को लेकर भी कमर कस लेनी है। डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत करनी पड़ेगी। साथ ही मोर्चा के टीम गठन पर भी चर्चा की गई।

मोर्चा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष संजय पासवान का स्वागत अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर पार्षद प्रवीण भारती, पार्षद रणविजय सिंह, अधिवक्ता रितेश त्यागी, अंकित कनौजिया, विवेक कुमार, गया प्रसाद, रजत सोनकर आदि उपस्थित रहे।

अपर मंडल रेल प्रबंधक ने विंध्याचल स्टेशनका किया निरीक्षण

नवरात्र मेलाके मद्देनजर यात्री एवं श्रद्धालुओंके लिए व्यवस्थाओंका लिया जायजा

शारदीय नवरात्रि मेला-२०२६ के दौरान माँ विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा उनकी सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मंडल द्वारा व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। इन व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के क्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य), प्रयागराज, दीपक कुमार ने विंध्याचल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स), कृष्ण कुमार राय भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान श्री दीपक कुमार ने स्टेशन परिसर में उपलब्ध यात्री सुविधाओं, श्रद्धालुओं के आवागमन, टिकट वितरण व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, यात्री सहायता तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मेले के दौरान यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्टेशन परिसर में सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को आवश्यक जानकारी एवं सहायता समय पर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। साथ ही, स्टेशन परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और यात्रियों की सुविधा के लिए तैनात रेलकर्मियों को सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध करा रही सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड की टीम से मुलाकात की। उन्होंने टीम के सदस्यों से बातचीत कर मेले के दौरान किए जा रहे सेवा कार्यों एवं चिकित्सा सहायता की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यकता पड़ने पर श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने में टीम के योगदान की सराहना की। प्रयागराज मंडल द्वारा नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टिकट व्यवस्था, यात्री सहायता, स्वच्छता, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा तथा सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे प्रशासन का प्रयास है कि माँ विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालु सुविधाजनक, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में अपनी रेल यात्रा पूरी कर सकें।

रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत प्रवेश रोकनेके लिए अभियान तेज

११८८ लोग गिरफ्तार

प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेलगाड़ियों के सुचारू एवं समयबद्ध संचालन को बनाए रखने के उद्देश्य से मंडल रेल प्रबंधक श्री रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेलवे ट्रैक पर अनधिकृत रूप से प्रवेश करने एवं पटरियों को पार करने (ट्रेसपासिंग) वालों के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ङ१ जनवरी २०२६ से १५ अक्तूबर २०२६ तक कुल १,१८८ व्यक्तियों को ट्रेसपासिंग के आरोप में गिरफ्तारङ कर उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्वाई की गई। रेलवे ट्रैक को अनधिकृत रूप से पार करना कानूनन अपराध है तथा संबंधित मामलों में रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्वाई की जाती है। रेलवे ट्रैक पार करना जीवन के लिए अत्यंत जोखिमपूर्ण है। तेज गति से आने वाली ट्रेन का सही समय पर अनुमान लगाना कठिन होता है। ऐसे में थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रकार की घटनाओं से रेलगाड़ियों के सुचारू संचालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अभियान के तहत जनवरी में १३१, फरवरी में १०९, मार्च में २५९, अप्रैल में १६४, मई में २२६, जून में ९८, जुलाई में ४०, अगस्त में ४३, सितंबर में १११, अक्तूबर में ७ लोग गिरफ्तार हुएं

प्रयागराज मंडल रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। रेल प्रशासन ने आमजन से रेलवे नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की है।

यूजर चार्ज काउंटर बढ़े लेकिन नहीं घट रही मरीजोंकी मुश्किलें

आये दिन बनी रहती है डिजिटल भुगतानकी समस्या

स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में कहने को तो यूजर चार्ज काउंटर पर डिजिटल भुगतान की व्यवस्था है। पर यह व्यवस्था पूरी तरह से फेल नजर आ रही है। यूजर चार्ज के लिए आनलाइन भुगतान वाला चौथा काउंटर आये दिन बंद पड़ा ही मिलता है कारण पूछने पर नेटवर्क की समस्या का हवाला दिया जाता है। डिजिटल पेमेंट न होने के कारण कभी कभी तीमारदारों को फुटकर के लिए कतार से बाहर निकलना पड़ता है। और फिर से लाइन के पीछे लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है। अगस्त में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यूजर चार्ज जमा करने के लिए एक अतिरिक्त काउंटर शुरू किया गया लेकिन मौजूदा समस्या काउंटर की संख्या बढ़ाने से समस्या खत्म होती नजर नहीं दिख रही।

बच्चोंने डांडियाकी धुनपर नृत्यकर मोहा मन

सूबेदारगंज यूनिट द्वारा नवरात्रके मौके पर कार्यक्रम आयोजित

उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मुख्यालय की सूबेदारगंज स्टेशन यूनिट के नवयुवा यूनिट लीडरों द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को भारत स्काउट एवं गाइड राज्य प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज के प्रांगण में 'एकीकरण एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम' के अंतर्गत डांडिया नाइट्स का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आशीष अग्रवाल (अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/सूबेदारगंज एवं राज्य आयुक्त-कब) तथा रचना अग्रवाल (राज्य आयुक्त-बुलबुल) द्वारा दुर्गा अष्टमी के शुभ अवसर पर मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण, विधिवत पूजन एवं आरती के साथ किया। गया। विशिष्ट अतिथि अंकुर चक्रवर्ती (सहायक जिला आयुक्त-स्काउट, उत्तर मध्य रेलवे, रहे। कार्यक्रमके दौरान राज्य मुख्यालय से रविकांत शर्मा (राज्य संगठन आयुक्त-स्काउट), मंजू जोशी (राज्य संगठन आयुक्त-गाइड), पंकज राज कनौजिया (सहायक राज्य संगठन आयुक्त-स्काउट) तथा जिला मुख्यालयसे लिपिका गोस्वामी (जिला संगठन आयुक्त-गाइड) एवं शिशुपाल यादवने सपरिवार सम्मिलित होकर युवा लीडरोंका उत्साहवर्धन किया। इस अवसरपर पूजा शर्मा, प्रियांशु, आकाश यादव, सारिका सिंह, पूजा रानी, सोनम, ऋतु सिंह, अंकिता शर्मा, शुभम सिंह, ललित सिंह, प्रीत सिंह, अभिषेक सिंह, संस्कार, गौरव, सोनाली एवं मुस्कान आदि उपस्थित रहें।

मुकदमा दर्ज होनेके बाद मेडिकलपर गये आरटीओ कार्यालयके चारों आरोपित

एआरटीओपर हमलेका मामला कर्नलगंज थानेमें दर्ज है एफआईआर

परिवहन विभाग के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आनंद प्रताप राव को घेरकर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी चारों सिपाही मुकदमा दर्ज होते ही मेडिकल पर चले गये है। जबकि निलम्बित सिपाहियों को परिवहन मुख्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी। आरोपी चारों कर्मचारी निलंबन की कारवाई के बाद १८ दिनों से अनुपस्थित (गैरहाजिर) चल रहे थे। जानकारी के अनुसार १ अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त द्वारा अनुशासनहीनता, अवैध वसूली और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों के आधार पर इन कर्मचारियों को निलंबित कर मुख्यालय से अटैच किया गया था, लेकिन आरोपी कर्मचारियों ने ऐसा नहीं किया और प्रयागराज में ही मौजूद रहे। आनंद प्रताप राव के अनुसार, आरोपी कर्मचारियों ने विभागीय पैरवी को बंद करने का दबाव बनाने लगे। यह घटना १६ अक्टूबर की शाम करीब ४ बजे की है। अपने सहकर्मी प्रवर्तन अधिकारी राजीव कुमार के एलनगंज स्थित आवास से सरकारी कार्य के सिलसिले में फील्ड में निकल रहे थे। इसी दौरान चारों आरोपियों ने उनकी गाड़ी घेर ली, गाली-गलौज की और गाड़ी के शीशे पर लात मारी। एआरटीओ द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर के अनुसार, आरोपियों ने उनके परिवार (पत्नी और बच्चों) को लखनऊ स्थित घर से उठवा लेने, नौकरी न करने देने तथा जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने यह तक कहा कि 'सड़क पर चेकिंग के लिए निकलते समय सोच लें कि घर लौट भी पाएंगे या नहीं'। इस घटनाको लेकर आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों में चर्चा बनी हुई है।

पीईटी परीक्षा-त्योहारोंपर १०० फीसदी आन रोड रहेंगी बसें-क्षेत्रीय प्रबंधक

बसोंके संचालनके लिए तैनात होगा अतिरिक्त स्टाफ

आगामी त्योहार दीपावली और पीईटी परीक्षा को ध्यान में रखते हुए रोडवेज प्रशासन ने कमर कस ली है। यात्रियों को सुगम और सुरक्षित सफर प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। त्योहारों और परीक्षा को देखते हुए रोडवेज ने अपने पूरे बेडे को सड़कों पर उतारने की रणनीति तैयार की है। क्षेत्रीय प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह के अनुसार पीईटी परीक्षा और त्योहारों पर बसें १०० फीसदी आन रोड रहेंगी। और अधिक भीड़ बढ़ने की स्थिति से निपटने के लिए डिपो स्तर पर रिजर्व बसों का स्टाक रखा गया है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसों और कर्मचारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीईटी परीक्षा के मद्देनजर आगामी २५, ३० अक्टूबर और १ नवंबर को पड़ने वाले रविवार व अन्य निर्धारित तिथियों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। परीक्षा और त्योहारों के दौरान भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए हर डिपो से अतिरिक्त स्टाफ और चालकों-परिचालकों की ड्यूटियां लगाई गई हैं ताकि बसें सुचारू रूप से चलती रहें। वहीं दीपावली और अन्य प्रमुख त्योहारों पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों के फेरे बढ़ाने और रूटों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। रोडवेजकी अधिकांश बसें रूट पर पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों की मांग के अनुरूप बसों के संचालन पर जोर दिया जा रहा है, हालांकि व्यावहारिक रूप से कई बार हर घर तक बस पहुंचाना संभव नहीं हो पाता है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यही है कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो और सभी रूटों पर सुचारू परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

नाड़ी परीक्षण शिविर आजसे

आर्ट आफ लिविंग की ओर से विजयादशमी के अवसर पर दो दिवसीय आयुर्वेद नाडी परीक्षण एवं परामर्श शिविर को आयोजन मंगलवार २० अक्टूबर से शुरू होगा। शिवर सुबह ११ बजे से दोपहर दो बजे तक एवं ५ से शाम ७ बजे तक शिवमहिमा काम्पलेक्स, सिविल लाइंस (बिग बाजार के सामने) होगा।शिविर में नाड़ी परीक्षण के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्थिति का विश्लेषण किया जायेगा।

काल्विन के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक बने डा.अवधेश चौबे

काल्विन अस्पताल के नए प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक पद का दायित्व अब डा. अवधेश चौबे संभालेंगे। वर्तमान में वो संयुक्त चिकित्सालय श्रावस्ती में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर कार्यरत हैं। डा. चौबे की नियुक्ति काल्विन के पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. एके चौधरी के स्थान पर की गयी है। डा.चौधरी की जुलाई में चिकित्सा उपचार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में निदेशक के पद पर नियुक्ति की गयी थी। डा.चौबे विजय दशमी के बाद कार्यभार ग्रहण करेंगे।

कर्मचारियोंके लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे स्पेशल कैंपेन ६.० (विशेष अभियान ६.०) के तहत आज सेंट्रल हॉस्पिटल, प्रयागराज और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रयागराज में एक विस्तृत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य जांच शिविरों का सफल आयोजन किया। यह विशेष पहल ग्रुप डी कर्मचारियों के स्वास्थ्य कल्याण और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से की गई। सेंट्रल हॉस्पिटल में आयोजित इस जागरूकता सेमीनार की अध्यक्षता डॉ. राकेश निगम, चिकित्सा निदेशक, द्वारा की गई। अपने संबोधन में डॉ. निगम ने रेलवे परिचालन में फ्रंटलाइन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने निवारक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित मेडिकल स्क्रीनिंग और एक स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। डॉ. ऊषा यादव, एसीएचडी ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. रोहित कुमार ने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य प्रबंधन और दैनिक कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इसी क्रम में सीनियर डायटिशियन (वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ) ने उपस्थित कर्मचारियों को संतुलित पोषण, खान-पान में जरूरी बदलाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रबंधन के बारे में शिक्षित किया। इस जागरूकता कार्यक्रम को कर्मचारियों का शानदार समर्थन मिला और कुल १६० प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया। सेमिनार के साथ-साथ, कर्मचारियों को मौके पर ही क्लीनिकल स्क्रीनिंग की सुविधा देने के लिए दोनों स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी चलाए गए। केवल डीआरएम कार्यालय परिसर में लगाए गए शिविर में ही कुल ८७ कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच सफलतापूर्वक की गई। इस दौरान कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य मानकों, परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय सलाह की त्वरित सुविधा मिली। विशेष अभियान ६.० के अंतर्गत आयोजित यह कार्यक्रम अपने कार्यबल के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और सहायक वातावरण तैयार करने के प्रति उत्तर मध्य रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है।

मण्डीमें देशी टमाटरकी मांग बढ़ी

नई फसलों और सब्जियों की आवक से सब्जियों के भाव में गिरावट आयी है। सब्जी मण्डी में सोमवार को भिण्डी रु ३५ प्रति किलो रही। हरा मिर्चा का भाव गिरकर ५० रुपये प्रति किलो हो गया। पत्ता गोभी भी १५ रुपये प्रति नग बिकी। बाजार में देशी टमाटर की आवक बढ़ने से बैंगलुरु के टमाटर की मांग कम हो गयी है। देशी टमाटर १५ से २० रुपये प्रति किलो गुणवत्ता के आधार पर बिका। हरी धनिया ६० रुपये प्रति किलो, अदरक रु ६० प्रति किलो, नीबू ४५ से ६० रुपये प्रति किलो आकार के आधार पर रहा। लम्बा बैगन रु ४० प्रति किलो, गोल बैगन २० से ३० रुपये प्रति किलो बिक रहा है। मण्डी में हरी सब्जियों के भाव में गिरावट आ रही है। अधिकांश सब्जियों का भाव २० से २५ रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। हल्का लहसुन ५० से ८० रुपये प्रति किलो तथा गुणपत्ता का १२० रुपये प्रति किलो में बिक रहा है। शकरकंद ३० से ४० रुपये प्रति किलो, सिंघाड़ा ४० से ४५ प्रति किलो रहा।

बढ़े मरीजोंसे प्लेटलेट्सका संकट, डोनर अनिवार्य

सरकारी एवं निजी ब्लड बैंकोंमें लग रही भीड़

बुखार के साथ ही जनपद में डेंगू का खतरा अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, डेंगू के संक्रमण एवं मच्छरों के डंक से यदि आप निश्चित हैं तो यह बड़ी भूल हो सकती है। डेंगू एवं बुखार के बाद प्लेटलेट्स कम होने की रिपोर्ट मिलते ही मरीज और उनके परिजन तनाव में आ जा रहे हैं। डाक्टरों द्वारा प्लेटलेट काउंट कम देखकर इसे अलग से चढ़ाने की सलाह देते ही तीमारदारों की असली परेशानी शुरू हो जाती है।प्लेटलेट्स के लिए परिजनों को न सिर्फ डोनर का इंतजाम करने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, बल्कि भारी मशक्कत के बाद भी मांग के मुताबिक पर्याप्त यूनिट प्लेटलेट्स नही मिल पा रही है। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन में पिछले दस दिन में ९०० यूनिट प्लेटलेट की सप्लाई की जा चुकी है। स्टाक की कमी के कारण हालत यह है कि जिस मरीज को ६ यूनिट प्लेटलेट्स की आवश्यकता है, उसे केवल चार यूनिट से ही काम चलाना पड़ रहा है। इन दिनों एएमए ब्लड बैंक में रोजाना ९० से १०० यूनिट प्लेटलेट्स की डिमांड आ रही है और इतनी ही सप्लाई की जा रही है। बेली एवं एसआरएन अस्पताल में सरकारी ब्लड बैंक होने के बावजूद यहां भी प्लेटलेट्स के बदले डोनर की मांग इमरजेंसी एवं दिव्यांगों को छोड़कर अनिवार्य कर दी गयी है। बुखार एवं डेंगू के मरीज बढ़ने की वजह से इन सरकारी ब्लड बैंकों में ब्लड का स्टाक काफी कम हो गया है। इंद्रपुरी कालोनी के राजेश ने बताया कि पिता की प्लेटलेट्स गिरकर ३२ हजार पहुंच गयी थी।

डेंगू की पुष्टि होने के बाद डाक्टरों ने उन्हें छह यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाने की सलाह दी थी, राजेश के अनुसार डोनर का इंतजाम करने के बाद भी ब्लड बैंक में क्राइसिस के चलते उन्हें चार यूनिट ही मिल सकी। बेली ब्लड बैंक के इंचार्ज उत्तम यादव ने बताया कि बेली अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों के परिजनों को लगभग २० से २५ यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध करायी जा रही है।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३५६)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।